बिहार सरकार
अभियंता प्रमुख का कार्यालय
लघु जल संसाधन विभाग,
जल भवन, तृतीय तल्ला, राईडिंग रोड, शेखपुरा, पटना।
E-mail Id- engg.chf-bih@gov.in

सं0सं0-अभिप्र0/ल0ज0सं0वि0/परिवाद-11-17/2026 /पटना, दिनांक-

प्रेषक,

ई0 सुनील कुमार
अभियंता प्रमुख,
लघु जल संसाधन विभाग, पटना ।

सेवा में,

मुख्य अभियंता,
लघु जल संसाधन विभाग, पटना ।

विषय - मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, पटना प्रक्षेत्राधीन लघु सिंचाई प्रमण्डल, पटना के अंतर्गत निविदा के विरूद्ध प्राप्त परिवाद की अभियंता प्रमुख, लघु जल संसाधन विभाग, पटना के स्तर पर दिनांक-26.10.2026 को गठित समिति की आहूत समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध मे कहना है कि मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, पटना प्रक्षेत्राधीन लघु सिंचाई प्रमण्डल, पटना के अंतर्गत निविदा के विरूद्ध प्राप्त परिवाद की समीक्षात्मक बैठक अभियंता प्रमुख, लघु जल संसाधन विभाग, पटना के स्तर पर गठित समिति द्वारा दिनांक-26.10.2026 को आहूत की गयी । उक्त बैठक में लघु सिंचाई प्रमण्डल, पटना के निविदा के विरूद्ध प्राप्त परिवाद की समीक्षा हुई :-

क्र0	प्रमण्डल का नाम	निविदा आमंत्रण सूचना संख्या	कार्य का नाम
1	2	3	4
1	ल0सिं0प्रम0, पटना	06/2026-27, टेंडर आई0डी0-139456	राईडिंग रोड पटना स्थित जल भवन का मरम्मति एवं सम्पोषण कार्य ।

अतएव उक्त बैठक की कार्यवाही संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित किया जाता है।

अनु0:- यथावत्।

विश्वासभाजन
ह0/-
(सुनील कुमार)
अभियंता प्रमुख,
लघु जल संसाधन विभाग, पटना ।

ज्ञापांक :- /पटना, दिनांक :-

प्रतिलिपि :- अधीक्षण अभियंता(मु0), अनुश्रवण, लघु जल संसाधन विभाग, पटना को अनुलग्नक की प्रति के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनु0:- यथावत्।

ह0/-
अभियंता प्रमुख,
लघु जल संसाधन विभाग, पटना ।

ज्ञापांक :- 1257 /पटना, दिनांक :- 26.10.26

प्रतिलिपि :- आई0टी0 मैनेजर, लघु जल संसाधन विभाग, पटना को 01 (एक) अदद समीक्षा प्रतिवेदन की प्रति के साथ सूचनार्थ एवं विभागीय पोर्टल पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

अनु0:-यथावत्।

26/10/26
अभियंता प्रमुख,
लघु जल संसाधन विभाग, पटना ।
साइन
26/10/26

बिहार सरकार
अभियंता प्रमुख का कार्यालय
लघु जल संसाधन विभाग,
जल भवन, तृतीय तल्ला, राईडिंग रोड, शेखपुरा, पटना।
E-mail Id- engg.chf-bih@gov.in

लघु सिंचाई प्रमण्डल, पटना अन्तर्गत निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–06/2026–27 राईडिंग रोड पटना स्थित जल भवन का मरम्मति एवं सम्पोषण कार्य में प्राप्त परिवाद पर अभियंता प्रमुख, लघु जल संसाधन विभाग, पटना के स्तर पर गठित समिति की कार्यवाही :–

1.	कार्य का नाम	:–	राईडिंग रोड पटना स्थित जल भवन का मरम्मति एवं सम्पोषण कार्य।
2.	निविदा आंमत्रित करने वाले प्रमण्डल का नाम	:–	लघु सिंचाई प्रमंडल, पटना
3.	तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	:–	114.557 लाख
4.	प्रशासनिक अनुमोदन की राशि एवं प्रसंग	:–	114.557 लाख
5.	परिमाण विपत्र की राशि	:–	110.57787 लाख
6.	कार्य समाप्ति की अवधि	:–	एकरारनामा की तिथि से 06 माह
7.	निविदा की प्रक्रिया	:–	E-Tendering
8.	निविदा प्राप्ति की तिथि	:–	17.09.2026
9.	प्राप्त निविदा की संख्या	:–	04
10.	मुख्य अभियन्ता, लघु जल संसाधन विभाग, पटना द्वारा तकनीकी निविदा समिति की बैठक की तिथि एवं कार्यवाही।	:–	संलग्न (पृ0सं0–18–17)
11.	मुख्य अभियन्ता, लघु जल संसाधन विभाग, पटना द्वारा समर्पित तकनीकी बीड की तुलनात्मक विवरणी	:–	संलग्न (पृ0सं0–14)
12	प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण	:–	नहीं
13.	परिवादी का नाम	:–	क्रियेटिव–3 कन्स० (प्रो0 विनोद यादव), 38/ए0, राजेन्द्र पथ, उसा प्रान अपार्टमेन्ट के पीछे, उत्तर एस0 के पुरी, बोरिंग रोड, पटना

DP Format 26

14.	संवेदक द्वारा दिया गया परिवाद की स्थिति	क्रियेटिव–3 कन्स० (प्रो० विनोद यादव), 38/ए0, राजेन्द्र पथ, उसा प्रान अपार्टमेन्ट के पीछे, उत्तर एस0 के पुरी, बोरिंग रोड, पटना द्वारा परिवाद में दिये गये बिन्दुः– उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि दिनांक–29.09.2026 को लघु सिंचाई प्रमंडल, पटना अन्तर्गत टे० आई० डी० –139456 के निविदा में मेरे निविदा को अमान्य किया गया है। मेरे द्वारा निविदा शर्त के अनुरूप अनुभव प्रमाण–पत्र संलग्न किया गया है। जिसकी छाया प्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर रहा हूँ। यह अनुभव प्रमाण–पत्र में से एक लघु जल संसाधन विभाग, पटना प्रमंडल का है। जिस कार्य का नाम (Design, Renovation and Interior Infrastructure work at Second Floor (C &D Wing) Jal Bhawan for office of the Bihar ground Water Authority) है एवं इसकी Agreement Value रूप–32,41,648 है जो टेन्डर आई डी 139456 के 10 प्रतिशत से अधिक है। इस कार्य में अधिकतम वह कार्य किया गया है जो अभी के टेन्डर 139456 के BOQ में है। जिसमें कुछ कार्य इस प्रकार है:– Civil work- Demolishing, PCC work, Scrapping Paints, Plaster work (inside & Outside), Tile work, Putty work, Wall Paint work, Wooden Paint work, Brick work, Wall Panelling, Carpentry work, Doors, Supply of furniture, etc. Plumbing work- Plumbing conduiting & Supply of Plumbing fixtures, etc. Fire work-Supply & Installation of fire Extinguisher. Electrical work- Lights fixtures, Fan Wiring, Exhaust Fan, MCB work, etc. Furnishing work-Window Blinds, etc. इसी प्रकार हमारे द्वारा दिया गया दूसरा अनुभव प्रमाण पत्र जो Building Construction Department, Patna का है उसमें भी किया गया है। अतः भवदीय से अनुरोध है कि उक्त प्रमाण पत्रों के आधार पर मेरे निविदा को मान्य करने की कृपा की जाय।
15.	मुख्य अभियन्ता, लघु जल संसाधन विभाग, पटना स्तर की निविदा समिति की अनुशंसा	**तकनीकी निविदा मूल्यांकन समिति की निर्णय– उक्त निविदा में संवेदक क्रियेटिव–3 कन्स० (प्रो० विनोद यादव), 38/ए0, राजेन्द्र पथ, उसा प्रान अपार्टमेन्ट के पीछे, उत्तर एस0 के पुरी, बोरिंग रोड, पटना** – द्वारा परिवाद प्राप्त हुआ जिसकी निविदा समिति द्वारा पुर्नसमीक्षा की गई जो निम्नवत् है :– पुर्नसमीक्षा में पाया गया कि इनके द्वारा निविदा में संलग्न कार्यानुभव के अभिलेख के अनुसार कार्यपालक अभियंता द्वारा निविदा में अपलोड किए गए परिमाण विपत्र एवं तकनीकी बीड में कार्य की प्रकृति की स्पष्टता दृष्टिगत नही हो रही है। जिसके कारण इनके तकनीकी निविदा को अमान्य किया गया था। उल्लेखनीय है कि सचिव, पथ निर्माण विभाग बिहार, पटना के पत्रांक 746 (S) दिनांक 13.10.2026 द्वारा निविदा में न्यूनतम दर सीमा 10% पुनः बहाल किया गया है। इस पत्र के कंडिका-2 के द्वारा पूर्व के निर्गत सभी अधिसूचनाओं को निरस्त कर परिमाण विपत्र से 10% (दस प्रतिशत) से ज्यादा कम दर उद्धृत करने वाली निविदाओं को अमान्य करने का निर्देश जारी कर दिया गया है। यह निविदा उपरोक्त पत्र निर्गत होने के पूर्व EPROC-2 पर अपलोड कर दिया गया था। फलस्वरूप वर्णित अधिसूचना का निर्देश दिया जाना संभव नही था। उपरोक्त परिस्थिति में निविदा समिति द्वारा निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा आमंत्रित करना कार्यहित में श्रेयष्कर प्रतीत होता है।

		अतएव इस परिस्थिति में बिहार लोक निर्माण विभाग संहिता (खण्ड–I) की कंडिका–159 (vi) तथा निविदा आमंत्रण सूचना संख्या की कंडिका–32 के आलोक में उक्त निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा आमंत्रित करने के संबंध में निर्णय को अभियंता प्रमुख से संपुष्ट कराने का अनुशंसा की जाती है।
16.	अभियंता प्रमुख स्तर पर परिवाद निस्तारण हेतु समिति की समीक्षा	**क्रियेटिव–3 कन्स० (प्रो0 विनोद यादव), 38/ए0, राजेन्द्र पथ, उसा प्रान अपार्टमेन्ट के पीछे, उत्तर एस0 के पुरी, बोरिंग रोड, पटना** के परिवाद की समीक्षा किया गया। समीक्षोपरांत पाया गया कि परिवादी द्वारा निविदा के तकनीकी बीड में संलग्न कार्य अनुभव का अभिलेख स्पष्ट एवं दृष्टिगत है। अतएव परिवादी के परिवाद को **मान्य** किया जाता है ।

अधीक्षण अभियंता(मु0),
अनुश्रवण,
लघु जल संसाधन विभाग,
पटना ।

मुख्य अभियंता
(यो0+अनु0+भू0),
लघु जल संसाधन विभाग,
पटना ।

मुख्य अभियंता,
लघु जल संसाधन विभाग,
भागलपुर।

अभियंता प्रमुख,
लघु जल संसाधन विभाग,
पटना ।